# सी0आर0एम0 पूर्व भ्रमण दिनांक 09 अक्टुबर से 13 अक्टूबर 2017 तक जनपद कौशाम्बी की भ्रमण आख्या।

भ्रमणकर्ता टीम –

1. डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल, महाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य।
2. अभिषेक सिंह, राज्य समन्वंयक, राज्य रक्त प्रकोष्ठ।
3. राजीव कुमार दुबे, प्रोग्राम कोआर्डिनेटर चाइल्ड हैल्थ।
4. संजय कुमार, प्रोग्राम कोआर्डिनेटर राष्ट्रीय कार्यक्रम।

## जिला संयुक्त चिकित्सालय –

- संयुक्त चिकित्सालय में साफ सफाई एवं वाल पेन्टिंग का कार्य किया जा रहा था।
- लेबर रुम में मेटरेस 1/3 टेबल पर उपलब्ध नही थी।
- जे0एस0वाई0 के पेमेण्ट हेतु पुराने प्रपत्र प्रचलन में है। लाभार्थियों को पेमेण्ट सर्टिफिकेट नही दिये जा रहे है। विगत वर्ष के भी ड्रग्स पेमेण्ट लम्बित है और कमिटेड धनराशि का भी भुगतान नही किया गया है।
- मातृ मृत्यु समीक्षा समिति गठित है एक बैठक की गयी, परन्तु समीक्षा रिकार्ड उपलब्ध नही था।
- वर्ष 2017–18 में समस्त आउटसोर्स सर्विसेज (क्लीनिंग, लाउन्ड्री, बायोमेडिकल वेस्ट, इत्यादि) का भुगतान लम्बित है।
- फायर एक्सटिंगविशर अक्रियाशील थे।
- औषधि स्टोर संतोषजनक पाया गया। केवल कुछ औषधियों पर लेवलिंग की जरुरत है।
- एन0आर0सी0 में लाभार्थियों के रिकार्ड अद्युनान्त नही था। काउन्सलिंग सेवाये अपर्याप्त थी।
- एस.सी.एच. विंग तैयार है और मुख्य चिकित्साधिकारी को हस्तान्तरित किया गया है और पी.पी.पी. मोड पर संचालित किये जाने हेतु प्रस्तावित है।
- रोगी कल्याण समिति के अन्तर्गत वर्ष 2017–18 में गर्विनिंग बाडी की 01 बैठक करायी गयी है एवं कार्यकारी समिति एवं अनुश्रवण समिति की बैठक नही करायी गयी है।
- टीकाकरण कक्ष में आइसपैक मानकानुसार नही थे। कैल्शियम, अल्बेन्डाजोल उपलब्ध नही थी। एम.सी.पी. कार्ड, काउन्टर फाइल अपर्याप्त, ए.एन.सी रजिस्टर का प्रयोग नही।
- पी.एम.एस.एम.ए. की गतिविधि का प्रदर्शन असन्तोषजनक था। लाभार्थियों को बी0पी0 एवं पेट जाँच तथा एच0आई0वी0 टेस्टिंग की सुविधा से आच्छदित नही किया जा रहा था। प्रचार सामग्री एवं ग्रुप काउन्सलिंग की व्यवस्थ्या नही थी।
- इकाई को ओ0पी0डी0 प्रतिमाह लगभग 3–4 हजार प्रतिमाह है।
- लेबर रूम एवं ओ0टी0 में एन0बी0सी0सी0 रेडिएण्ट वार्मर न होने के कारण क्रियाशील नही था।

## सिक न्यूबार्न केयर यूनिट (एस0एन0सी0यू0)

- आनलाइन रिर्पोटिग करने हेतु एक स्टाफ नर्स एव एक बाल रोग विशेषज्ञ और डाटा इन्टी आपरेटर को 2 दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षण के उपरान्त भी आन लाइन रिर्पोटिग का कार्य नही किया जा रहा था सी0एम0एस0 द्वारा आपरेटर को किसी अन्य कार्य करने हेतु लगाया गया था।
- एस.एन.सी.यू. में सन्दर्भित बच्चों को बर्थ डोज नही लगायी जा रही है।

## पोषण पुर्नवास केन्द्र (एन0आर0सी0)

- एन0आर0सी0 की बेड आक्यूपेन्सी अच्छी थी। भ्रमण के दौरान 6 सैम बच्चे भर्ती थे।
- भर्ती बच्चों की मॉ को अस्पताल किचन से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था।

- माह सितम्बर 2017 तक एन0आर0सी0 में आशा एवं आगनबाडी द्वारा भर्ती एवं फालोअप का भुगतान करा दिया गया था।
- एन0आर0सी0 पर कार्यरत मेडिकल आफिसर एव स्टाफ नर्स और न्यूट्रीशनिस्ट का प्रशिक्षण मेडिकल कालेज अलीगढ में कराया जा चुका है। स्टाफ नर्स को इकाई में सैम बच्चों के भर्ती के मानक के विषय में अच्छी जानकारी नही थी।

**रक्तकोष जिला चिकित्सालय–**

- केन्द्र पर आई0ई0सी0 का प्रदर्शन अत्यन्त कम।
- एस0ओ0पी0 सभी कार्य स्थलो पर उपलब्ध नही थी।
- ब्लड बैंक के रिकार्ड अपकीप में सुधार की आवश्यकता है जैसे– उपयोग में लायी जा रही किट्स के नम्बर आदि नही अकिंत है।
- ब्लड कलेक्शन मॉनिटर खराब होने के कारण रक्त यूनिटों को संग्रहण अनुमान के अनुसार किया जा रहा था।
- ब्लड बैक रेफ्रिजरेटर ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर रहा था। स्टेप्लाइजर खराब हैं। उपकरणो के रख–रखाव हेतु बजट की आवश्यकता व्यक्त की गयी।
- नये स्थापित उपकरणों पर प्रशिक्षण एवं नवनियुक्त मानव संसाधन का तकनीकी प्रशिक्षण कराया जाना आवश्यक है।
- डोनर रिफ्रेशमेट की आवश्यकता व्यक्त की गयी है।
- आर0एन0टी0सी0पी0 कार्यालय आई0ई0सी0, प्रोटोकॉल नही लगे है।
- डॉट्स प्रोवाईडर का भुगतान का रिकार्ड उपलब्ध नही है।
- निःक्षय पोर्टल पर इन्ट्री की जा रही है।
- **कुष्ठ** आई0ई0सी0, प्रोटोकॉल नही लगे है व डिफाल्टर मरीजों का रिकार्ड नही रखा जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – सिराथू

- इकाई पर साफ सफाई की अच्छी 30 बेडेड एम0सी0एच0 विंग क्रियाशील थी।
- पुरानी विल्डिग में अन्य कार्य किये जा रहे थे।
- लेबर रुम में मेटरस उपलब्ध नही थी।लगभग 3 माह से कोई भी सिजेरियन प्रसव नही कराये जा रहे थे।
- 2 स्टाफ नर्से एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी। जे.एस.वाई. के पेमेण्ट हेतु नये फार्म की फोटोकॉपी का प्रयोग।
- ग्लव्स की उपलब्धता न होने के कारण उपयोग किये हुये ग्लव्स को पुनः उपयोग में लाया जा रहा है।
- विटामिन के0 दिनांक 07/10/17 को जिला स्तर से उपलब्ध करायी गयी थी।
- आटोक्लेव रजिस्टर अच्छी तरह से मेनटेन नहीं था।
- लेबर रूम में एन0बी0सी0सी0 क्रियाशील परन्तु एन0बी0एस0यू0 रेडिएण्ट वार्मर एवं फोटो थैरपी उपलब्ध न होने के कारण क्रियाशील नहीं।
- जे0एस0एस0के0 डाइट रजिस्टर प्रोटोकाल के अनुसार उपलब्ध नही थे।
- सितम्बर माह में कुल 293 सामान्य प्रसव कराये गये जिसमें से 143 पी0पी0 आई0यू0सी0डी0 लगायी गयी।
- उक्त प्रसव में 01 स्टिल बर्थ और 02 मातृ मृत्यु हुयी थी।
- मातृ मृत्यु समीक्षा समिति गठित नही है।

- पी0एन0सी0 वार्ड से लगे के0एम0सी0 इकाई के0एम0सी0 चेयर न होने के कारण अक्रियाशील।
- कुल 273 उपलब्ध आशा के सापेक्ष 240 आशा माड्यूल 6/7 में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त एच0बी0एन0सी0 के अन्तर्गत भ्रमणरत, सितम्बर माह तक भुगतान किया जा चुका है।
- आई0डी0सी0एफ0 कार्यक्रम के अन्तर्गत आशाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया था।
- पैथोलॉजी में किये जाने वाले परीक्षणों की सूची प्रदर्शित नहीं थी।
- बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमैंट का पालन नहीं किया जा रहा था।
- शिकायत पेटिका में ताला नही लगा हुआ है और शिकायतों के अंकन एवं निस्तारण हेतु कोई व्यवस्था नही है।
- औषधियों की मांग हेतु इकाई द्वारा इन्डेंटिग व्यवस्था एवं रिकार्ड किपिंग मानकानुसार नही की जा रही है।
- औषधि भंण्डार कक्ष में औषधियों की लेवलिंग नही की गयी थी। स्टोर में सामग्री का रख–रखाव असन्तोषजनक है।
- रोगी कल्याण समिति के रिकार्ड को भरा नही जा रहा है और न ही नियमित रुप से बैठक की जा रहा है।
- आशा मास्टर पेमेण्ट रजिस्टर उपलब्ध नही है एवं आशा शिकायत निवारण समिति नहीं बनी है।
- पी.एम.एस.एम.ए. सम्बन्धी दीवार लेखन व प्रचार सामग्री नहीं है। अल्ट्रासाउण्ड का भुगतान लम्बित है। लाभार्थियों को फल नाश्ता नही दिया जा रहा है।
- **आर0एन0टी0सी0पी0 कार्यालय**
    - सफाई का ध्यान नही रखा जा रहा है। आई0ई0सी0, प्रोटोकॉल रखे थे पर कार्यालय में लगे नही है।
    - डिफाल्टर एवं एम0डी0आर0 केस के फॉलोअप का कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं
    - टी0बी0 प्रोग्राम का माइकोस्कोप का प्रयोग मुख्य लैब मे किये जाने के कारण टी0बी0 मरीजो की जाँच करने में असुविधा, टी0बी0 केस की निःक्षय पोर्टल पर इन्ट्री नही की जा रही है।
    - डॉट्स प्रोवाईडर का भुगतान का रिकार्ड उपलब्ध नही है।
- एस0टी0एस0 एवं एस0टी0एल0एस0 अस्पताल में उपस्थित नही, उनके द्वारा अस्पताल के भ्रमण एवं फील्ड के भ्रमण का रिकार्ड उपलब्ध नहीं।
- एक्स रे हेतु फिल्म अनुपलब्ध, जिसके कारण एक्स–रे नही किया जा रहा है।
- 02 डिफाल्टर कुष्ठ मरीज मिले फॉलोअप किया जा रहा है परन्तु कोई रिकार्ड उपलब्ध है।

**<u>वी0एच0एन0डी0 सरैयाँ–सिराथु–2</u>**

- बी0पी0 उपकरण वजन तौलने की मशीन तथा हबकटर खराब
- हीमोग्लोबिन व यूरिन स्ट्रिप अनुपलब्ध थे। एम0सी0पी0 कार्ड की प्रविष्टियाँ अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण है।
- ड्यूलिस्ट अपूर्ण, ए0एन0एम0 को गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली आई0एफ0ए0, कैल्शियम एवं एल्बेण्डाजोल वितरण की पर्याप्त जानकारी नही।

**<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – सरसवां</u>**

- **समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन होने के बावजूद समुचित इस्तेमाल न होने के कारण अनुपयोगी एवं खराब हो रहा है।**
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ सफाई वाल पेन्टिंग का कार्य किया जा रहा था।



- स्वास्थ्य इकाई पर प्रतिमाह 100 प्रसव का लोड है प्रसव कक्ष में मात्र एक लेबर टेबल उपलब्ध थी उस पर मैट्रस भी उपलब्ध नही था।
- प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल के 16 पोस्टर नही लगे हुए थे।
- 06 स्टाफ नर्स तैनात है जिसमें से मात्र 2 स्टाफ नर्स एस0बी0ए0 प्रशिक्षित थी। गत माह में मात्र 9 पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लगाई गयी थी।
- सेफ डिलीवरी किट उपलब्ध नही थी। जिससे एच0आई0वी0 से ग्रसित महिला का प्रसव नही कराया जा रहा था।
- 48 घन्टे तक कोई भी महिला इकाई पर रूकती नही थी।
- 6 ट्रे उपलब्ध थी परन्तु प्रोटोकाल के अनुसार मेडिसिन एवं अन्य चीजे नही लगी हुई थी। लेबर टेबल में जंग लगा हुआ है। एल्वों टैप नहीं।
- वाथरुम में प्रकाश की समुचित व्यवस्था नही है।
- प्रसव कक्ष में वजन मशीन एवं डिजिटल घडी उपलब्ध नही थी।
- प्रसव कक्ष में प्रोटाकाल के 5 रजिस्टर (ए0एन0सी0,प्रसव,रेफरल इन,आउट,और रेफरल स्लिप) उपलब्ध नही थे।
- जे0एस0एस0के0 डाइट रजिस्टर उपलब्ध नही था।
- कुल 196 आशाओं के सापेक्ष 195 कार्यरत तथा 178 माडयूल 6/7 में प्रशिक्षित हैं।
- आशा भुगतान रजिस्टर उपलब्ध नहीं।
- आटोक्लेविंग मानकानुसार नही किया जा रहा है।
- बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानकानुसार नही है।
- आशा मास्टर पेमेण्ट रजिस्टर उपलब्ध नही है एवं आशा शिकायत निवारण समिति नहीं बनी है।
- रोगी कल्याण समिति के रिकार्ड को भरा नही जा रहा है और न ही नियमित रुप से बैठक की जा रहा है।

**सघन मिशन इन्द्रधनुष सत्र गाँव शिवरा एवं पश्चिम सरीरा–सरसवाँ**

- ड्यूलिस्ट अपूर्ण,
- ए0एन0एम0 को गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली आई0एफ0ए0, कैल्शियम एवं एल्बेण्डाजोल वितरण की पर्याप्त जानकारी नही।
- एम0सी0पी0 कार्ड की प्रविष्टियाँ अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण है।



**उपकेन्द्र –हिनौता, सरसवां**


- उपकेन्द्र के वार्ड में नियमित विद्युत कनेक्शन एवं वैकल्पिक व्यवस्था हेतु इन्वर्टर एवं पंखा नही है। प्रसव टार्च के प्रकाश मे कराया जा रहा है।
- उपकेन्द्र पर परियोजना से सम्बन्धित कोई आ.ई.सी. प्रदर्शित नही है।
- लेबर टेबल में जंग लगा हुआ था एवं लेबर टेबल पर मेटरस नही थी।
- बाथरुम में दरवाजा नही है।
- वायो मेडिकल वेस्ट कलेक्शन एवं निस्तारण हेतु कोई व्यवस्था नही थी।
- लेबर रुम में आवश्यक उपकरण एवं औषधियां उपलब्ध नही है एवं ए.एन.एम. द्वारा मांग प्रत्र भी प्रस्तुत नही किया गया है।
- उपकेन्द्र में प्रतिमाह 70–80 प्रसव कराये जा रहे हैं, जो संशय उत्पन्न करता है। परन्तु उपकेन्द्र पर कोई एस.बी.ए. प्रशिक्षिंत स्टाफ की तैनाती नही है।
- उपकेन्द्र पर स्टाफ नर्स की तैनाती गयी है जिसका कोई प्राविधान नही है।

<u>उपकेन्द्र सरसवॉ जनपद कौशाम्बी</u>

- उपकेन्द्र पर साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी थी।
- उपकेन्द्र पर बिजली की व्यवस्था नही थी। परन्तु सोलर पैनल के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की गयी थी।
- उपकेन्द्र पर 2 ए0एन0एम0 एवं 1 स्टाफ नर्स को तैनात किया गया था।
- उपकेन्द्र पद प्रतिमाह 70 से 80 प्रसव सम्पन्न कराये जाते है।
- विगत माह में 18 नवजात मृत्यु रिर्पोट की गयी थी।
- लाल आई0एफ0ए0 टेबलेट की सप्लाई नही थी परन्तु नीली गोली का इस्तेमाल किया जा रहा था।
- सम्पन्न कराये गये प्रसव की केस शीट उपलब्ध नही थी।
- प्रसव से सम्बन्धित कोई भी रजिस्टर उपलब्ध नही थे।
- जे0एस0वाई0 फार्मेट उपलब्ध नही था।



## वी0एच0एन0डी0 सत्र गाँव समेरा

- सत्र के दौरान कोई भी आशा एवं आंगनवाड़ी उपलब्ध नहीं थी।
- सत्र पर आई0एफ0ए0 सीरप एवं ओ0आर0एस0 अनुपलब्ध है।
- सत्र के दौरान 07 गर्भवर्ती महिलाये एवं 05 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सलेराहा पश्चिम

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोई भी स्टाफ नर्स एवं ए0एन0एम0 तैनात नहीं थी।
- बिलडिंग का इस्तेमाल न होने के कारण बिलडिंग जर्जर अवस्था में होती जा रही है।
- इकाई पर वी0एच0एन0डी0 सत्र का आयोजन ए0एन0एम0 द्वारा किया जा रहा था।
- दोनो माड्यूल 6/7 में प्रशिक्षित आशा द्वारा गृह आधारित भ्रमण किया जा रहा था।
- सत्र के दौरान मातृ 02 गर्भवती महिलाओं एवं 04 बच्चों का टीकाकरण किया गया था।



## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पश्चिम सरीरा

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में में साफ–सफाई व आई0ई0सी0 असन्तोषजनक थी।
- सर्वाधिक प्रसव भार वाली इकाई होने पर भी अत्यन्त ही गन्दा एवं असुरक्षित।
- स्टाफ नर्स एवं ए0एन0एम0 तैनात परन्तु औषधियाँ एवं अन्य रिकार्ड का रख–रखाव खराब था।
- अव्यवस्था के कारण प्रसूतायें 6 से 7 घण्टें मे चली जाती है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (प्रथम सन्दर्भन इकाई)सराय अकील जनपद कौशाम्बी

- इकाई पर साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था थी।
- प्रसव इकाई में मात्र 01 लेबर टेबल उपलब्ध थी।
- इकाई में प्रतिमाह लगभग 300 प्रसव सम्पन्न कराये जाते है।
- प्रसव कक्ष में डिजिटल घड़ी उपलब्ध नही थी।
- प्रसव कक्ष में महिलाओं के लिए शौचालय व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी।
- आक्सीटोसीन कोल्ड चेन में नही था।
- प्रसव इकाई में एन0बी0सी0सी0 कार्नर रेडियन्ट वार्मर उपलब्ध न होने के कारण क्रियाशील नहीं था।

- इकाई के स्टोर में 01 नवीन रेडियन्ट वार्मर उपलब्ध था परन्तु उसका उपयोग न ही प्रसव कक्ष न ही ओटी में किया जा रहा था।
- एन0बी0एस0यू0 क्रियाशील था जिसमें मात्र 01 रेडियन्ट वार्मर एवं 01 फोटोथ्रैपी उपलब्ध थी। 0 साईज का अम्बू बैग उपलब्ध था परन्तु 01 साईज का अम्बू बैग उपलब्ध नहीं था।
- एन0बी0एस0यू0 पर तैनात 03 स्टाफ नर्स का कोई भी प्रशिक्षण नहीं कराया गया है।
- राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत आउट सोर्सिंग के माध्यम से तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर का वेतन अप्रैल 2017 से अभी तक भुगतान नहीं किया गया था।
- स्टैण्डर्ड रजिस्टर जे0एस0वाई0 फार्मेट पेमेण्ट वाउचर प्रयोग नही किये जा रहे थे। मातृ मृत्यु का कोई रिकार्ड उपलब्ध नही था।
- लाइसेन्स होने के पश्चात् भी रक्त संग्रहण यूनिट को क्रियाशील करने की कोई कार्यवाही नहीं की गयी थी।
- डाट्स प्रोवाईडर का भुगतान का रिकार्ड उपलब्ध नही है।
- कुष्ठ के 02 नये एवं 12 पुराने डिफाल्टर मरीजों मिले फॉलोअप किया जा रहा है।
- मलेरिया फागिंग का काई रिकार्ड उपलब्ध नही आशा का भुगतान नही किया जा रहा है। रिकार्ड उपलब्ध नही।
- आई0डी0एस0पी0 के प्रपत्र भरे जा रहे है परन्तु एच0आई0वी0 केसों का रिकार्ड नही भरा जा रहा है।

| श्री संजय कुमार,<br>कार्यक्रम समन्वयक (रा0 का0)<br>एन0एच0एम0। | श्री अभिषेक सिंह ,<br>स्टेट ब्लड कोर्डिनेटर,<br>एन0एच0एम0। | श्री राजीव कुमार दुबे,<br>कार्यक्रम समन्वयक (बाल स्वास्थ्य)<br>एन0एच0एम0। | डा0 मनोज कुमार शुक्ला,<br>महाप्रबन्धक (मातृ स्वास्थ्य)<br>एन0एच0एम0। |
|---|---|---|---|